in. But I see no logical reason whatsoever in refusing Hiltons or Sheratons to come into this field in our country.

**गाजीपुर और बलिया के बीच गंगा पर पुल**

+

158. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री :**
**श्री जगदेव सिंह सिद्धान्ती :**
**श्री रामेश्वर टांटिया :**
**श्री स० चं० सामन्त :**
**श्री सुबोध हंसदा :**
**श्री सरजू पाण्डेय :**

क्या **परिवहन** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गाजीपुर और बलिया के बीच गंगा नदी पर पुल बनाये जाने के स्थान के बारे में अन्तिम निर्णय कर लिया गया है ; और

(ख) यदि नहीं, तो अन्तिम निर्णय कब तक कर लिया जायेगा ?

**The Deputy Minister in the Ministry of Transport (Shri Mohiuddin):** A statement is laid on the Table of the House.

STATEMENT

(a) and (b). No, Sir. In the several representations made for the construction of the proposed bridge over the Ganga between Ghazipur and Ballia, rival claims have been made for the location of this bridge either at Ghazipur or at Buxar. In either case, the bridge would fall on a State road and as such it would be the responsibility of the State Governments concerned. However, in order to facilitate the consideration of the suitability of investment for the proposed bridge, the Directorate of Transport Research of the Ministry of Transport were asked to carry out a cost-benefit study. The investigations have practically been completed and necessary information collected. In order to finalise the report, the officers of the Ministry of Transport propose to have discussions with the officers of the Uttar Pradesh Public Works Department shortly. The matter will be considered further after a report on this study becomes available.

**श्री प्रकाशवीर शास्त्री** : जो यह पुल गाजीपुर और बलिया के बीच गंगा पर बनने वाला है इसकी चर्चा पिछले सात वर्षों से बराबर सरकार के विचार का विषय रही है । मैं जानना चाहता हूं कि क्या स्थान का निर्णय नहीं हो पाया या उपयुक्त स्थान के अभाव में अथवा कुछ राजनीतिक दबाव बीच में बाधक बन रहा है, इसके कारण यह काम क्यों रुका हुआ है ?

**परिवहन मंत्री (श्री राज बहादुर) :** गंगा पर तीस मील की दूरी में बक्सर में या गाजीपुर में पुल कहां बनाया जाए, इस बारे में विवाद है । इसलिए डाइरेक्टरेट आफ ट्रांसपोर्ट रिसर्च को यह काम सौंपा गया है कि वह इस बात की छानबीन करे कि लागत के ऊपर लाभ कहां अधिक होगा । इसकी जांच होने के बाद निर्णय लिया जा सकेगा जैसा कि सवाल के जवाब में बताया गया है ।

**श्री प्रकाशवीर शास्त्री :** विवरण में यह बताया गया है कि गाज़ीपुर और बलिया के बीच बनने वाले इस पुल की जांच पड़ताल का कार्य पूरा कर लिया गया है और सूचनाएं सरकार के पास आ गयी हैं । तो क्या सरकार ने यह अनुमान लगाया है कि इस प्रस्तावित पुल के बनाने पर कितनी राशि व्यय की जाएगी ?

**श्री राज बहादुर :** जहां तक जांच पड़ताल का सवाल है वह काम पूरा हो गया है, लेकिन अभी रिपोर्ट बन रही है, जैसा कि सवाल के जवाब में बताया गया, रिपोर्ट फाइनालाइज हो रही है । जब वह हमारे पास आ जाएगी तो उस पर विचार किया जाएगा ।

**श्री जगदेव सिंह सिद्धान्ती :** क्या सरकार अपने कर्मचारियों की इस कच्छप गति को रोक कर वहां पुल के बनने से जो लाभ हो सकता है उसको जल्द से जल्द पहुंचाने के सवाल पर विचार करेगी ?

**श्री राज बहादुर :** दो जगहों के बारे में विवाद है । दोनों में से किस जगह बनाने से

लाभ अधिक होगा इसकी जांच तो आवश्यक है ।

**श्री बृजराज सिंह** : कच्छप गति को रोकने के सवाल के बारे में जवाब नहीं आया ।

**श्री सरजू पाण्डेय** : स्टेटमेंट के देखने से मालूम होता है कि इस पुल के बनाने के बारे में बहुत सारी रिकमेण्डेशन्स सरकार को प्राप्त हुई हैं । पहली पार्लियामेंट में रेलवे विभाग ने इस काम को किया और अब यातायात विभाग कर रहा है। मैं जानना चाहता हूं कि जांच पड़ताल के नतीजे के तौर पर कब तक जल्द से जल्द मामला तै हो जाएगा ? और क्या उत्तर प्रदेश सरकार ने गाज़ीपुर के पास पुल बनाने के बारे में कोई प्रतिवेदन केन्द्रीय सरकार को भेजा है ?

**श्री राज बहादुर** : उत्तर प्रदेश सरकार ने जरूर एक पुल के बारे में लिखा है । उत्तर प्रदेश सरकार ने गंगा पर और पुलों की आवश्यकता को भी बताया है । मैं निवेदन करना चाहता हूं कि जैसे ही जांच होने पर रिपोर्ट हमारे पास आवेगी, हम देरी नहीं करेंगे । उसके बाद जैसे ही धन की व्यवस्था हो जाएगी इस काम को पूरा किया जाएगा ।

**Shri S. C. Samanta:** May I know how the cost of construction of this bridge will be shared between the Central and the State Governments?

**Shri Raj Bahadur:** Essentially it falls on a State Highway, but since the economic importance of this particular bridge has been appreciated by the Central Government it is proposed that some financial assistance may be given as and when it is constructed.

**श्री सिंहासन सिंह** : मैं यह जानना चाहता हूं कि कितने वर्षों से इस गाज़ीपुर बक्सर पुल का सवाल सरकार के विचाराधीन है और इस पर कितनी कमेटियां बन चुकी हैं और कितनी रिपोर्टें आ चुकी हैं ? आखिर कब तक सरकार निर्णय लेगी कि गाज़ीपुर में बनेगा या बक्सर में ? क्या इसकी भी कोई तिथि निश्चित की गयी है कब तक इसकी रिपोर्ट आ जानी चाहिए ?

**श्री राज बहादुर** : जहां तक मुझे अपने नोट से पता चलता है, प्लानिंग कमीशन ने एक ज्वाइंट स्टडी टीम सन् 1962 में मुकर्रर की है यह पता लगाने के लिए कि आजमगढ़, गाज़ीपुर, जौनपुर और देवरिया में से कौन स्थान में क्या करना उपयुक्त होगा । इस पर विचार हो रहा है । मैं समझता हूं कि जो यह विवाद है कि यह पुल बक्सर में बने या गाजीपुर में, इस विवाद को तै करना आसान नहीं है ।

**श्री ज० ब० सिंह** : मैं माननीय मन्त्री महोदय से जानना चाहता हूं कि क्या यह प्रश्न इसलिए हल नहीं हो रहा है कि गाज़ीपुर में पुल बने या बक्सर में क्योंकि ठेकेदारों का दबाव पड़ रहा है कि दोनों जगह पर आप पुल न बनावें, ताकि हमारी ठेकेदारी चलती रहे ? क्या सरकार जल्दी से जल्दी यह तै करेगी कि वह गाजीपुर में पुल बनाना चाहती है या बक्सर में ?

**श्री राज बहादुर** : जल्दी से जल्दी पुल बनाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं । विशेषज्ञों की रिपोर्ट आने पर इसका निर्णय किया जाएगा । ठेकेदारों के बारे में मेरी कुछ जानकारी नहीं है, माननीय सदस्य को होगी ।

**Shrimati Ramdulari Sinha:** May I know whether any final decision has been taken about the site of the bridge on the Ganges nearabout Patna; if so, may I know whether that bridge is going to be a rail-*cum*-road bridge also?

**Shri Raj Bahadur:** I am prepared to answer this, Sir, but it does not arise out of the main question.

**Mr. Speaker:** It does not arise out of this.

### Delhi Milk Scheme

\+

†*159. { **Shri Karni Singhji:**
**Shri Harish Chandra Mathur:**
**Shri Bagri:**
**Maharajkumar Vijaya Ananda:**

Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state: